8-JAN-JSP-BHOOMI-pg-1_Layout 1 1/8/2024 7:52 PM Page 1


हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 जनवरी 2024

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 14.2 डिग्री

न्यूनतम 9.2 डिग्री


4

शिविर में 5 हजार लोगों ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प





स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर

B.Ed D.Ed

नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर

सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर

पुराना बस स्टैण्ड के पास

मोबा.- 8839281593, 9174881569


## सरकार बन गई लेकिन भाजपा की घोषणा पर अब तक अमल नहीं

# सरकारी आदेश नहीं, फिर भी महतारी वंदन योजना में खाता खुलवाने लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश लाडली बहना योजना के तर्ज पर महतारी वंदन योजना शुरू करने की घोषणा की थी। इसके तहत छत्तीसगढ़ में निवासरत प्रत्येक शादीसुदा महिला को हर महीने एक हजार रुपए उनके खाते में दिए जायेंगे। यह रकम शासन द्वारा सीधे महिला के खाते डाला जाएगा। भाजपा की सरकार तो बन गई लेकिन अभी तक महतारी वंदन योजना को लेकर किसी भी प्रकार का आदेश नहीं है। लेकिन पिछले चार दिनों से जशपुर जिला मुख्यालय के डाकघर में महिलाओं की भारी भीड़ खाता खोलवाने के लिए डाकघर में लग रही है। डाकघर में खाता खुलवाने आई महिलाओं ने चर्चा में बताया भाजपा की घोषणा के मुताबिक हम लोग खाता खुलवाने आए है। जिससे महतारी वंदन योजना में सरकार द्वारा दिया जाने वाला पैसा सीधे हमारे खाते में आ सके।




**क्या कहता है डाक विभागः** डाक विभाग में चर्चा करने पर उन्होंने बताया हमारे विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से महिलाओं को खाता खोलने के लिए प्रोत्साहित नही किया गया है और न ही किसी भी तरह की योजना चलाई गई है। हमने अपने तरफ से समझाया है कि सरकार ने किसी भी योजना की हमको जानकारी नहीं दी है। फिर भी अगर कोई हमारे डाकघर में खाता खोलना चाहता है तो हम स्वागत और सहयोग करेंगे। हमने नोटिस चस्पा कर दिया है।

## अनियंत्रित ट्रक के रौंदने से युवक-युवती की मौत

**जशपुरनगर।** चौकी क्षेत्र दोकड़ा में सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक-युवती को रौंद दिया। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। यह मामला कांसाबेल थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार दोकड़ा-फरसाबहार मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक विपरीत दिशा से आ रही बाइक को चपेट में ले लिया। इस हादसे की सूचना मिलते ही दोकड़ा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। हालांकि दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवती कुकूरभुका,बागबहार की बताई जा रही है।





धान जब्ती करते खाद्य विभाग टीम।

# धान के अवैध परिवहन पर जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- लोदाम में 88 क्विंटल अवैध धान किया गया जप्त

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान उपार्जित किया जा रहा है। साथ ही अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशन में जिले के अन्य राज्यों से लगे सीमावर्ती इलाकों में बेरियर बनाया गया है। जहॉ चेक पोस्ट पर 24 घण्टे ड्यूटी करने हेतु राजस्व, खाद्य एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कलेक्टर द्वारा सभी को जिम्मेदारीपूर्वक अपना कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग की उड़न दस्ता दल द्वारा मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाते हुए ⏭शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आंख मिचौली खेलता सूरज करवट बदलता मौसम



**जशपुरनगर।** हिमालय की चोटियों को छूकर आती उत्तरी ठंडी हवाओं ने जशपुर के मौसम का मिजाज ही बदल दिया है। दिन में भी धुंध ऐसी की 100 से 150 मीटर दूर पर भी देखना मुश्किल हो गया है। शाम के समय तो पचास मीटर की विजीविलिटी भी नहीं सुबह के समय नौ बजे तक बीस मीटर देखना भी मुश्किल हो गया है। लोग दिन में भी गाड़ियों को लाइट जलाकर चल रहे है। पूरा शहर गर्म कपड़ों में लिपटा नजर आ रहा है। लोग अलाव का सहारा लेकर गर्माहट लेने की कोशिश करते देखे जा रहे है। उत्तर भारत के शीतलहरी का नजारा अब जशपुर और आसपास के छेत्रो में देखा जा सकता है। तापमान गिरकर सात डिग्री से नीचे आ गया है। सूरज की रोशनी देखने को नहीं मिल रही है जिससे हड्डी कंपकंपा देने वाली ठंड का एहसास हो रहा है।

### कोनपारा धान उपार्जन केन्द्र की समस्या समाप्त



**जशपुरनगर।** कोनपारा धान उपार्जन केन्द्र में हमालो व मजदूर की पर्याप्त व्यस्था नहीं होने की वजह से धान खरीदी प्रभावित होने व किसानों को जारी टोकन का तौल व खरीदी नहीं किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है। जिसके संदर्भ में खाद्य विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि हमालों की पर्याप्त व्यस्था कर व धान की स्टेकिंग हेतु अलग से नया फड़ की व्यवस्था की गई है। कोनपारा समिति में आज जारी टोकन मात्रा अनुसार कुल 4958.60 क्वि. कुल 12400 बोरी खरीदी की गई है। समिति द्वारा हमालों एवं फड़ संबंधी दिक्कतों को दूर कर लिया गया है।

### जनहानि के मामले में सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 04 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत दुलदुला विकासखण्ड के ग्राम वासुदेवपुर निवासी स्व.सुकरमनी का कुआं के पानी में डूबने से 04 जून 2018 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस पुत्र शिवनाथ राम, पुत्री निभनी बाई एवं शोभावती बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम नारायणपुर निवासी स्व. मनबोध राम का तालाब के पानी में डूबने से 24 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी श्रीमती फुलमनी नाग, पत्थलगांव विकाखण्ड के ग्राम जोराडोल निवासी स्व. जयमरा मांझी का सर्पदंश से 16 जुलाई को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी गुलापी बाई एवं मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पटिया निवासी स्व. नूरानी टोप्पो की बांध में डूबने से 04 मई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के माता ताजमा लकड़ा हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# अक्षत कलश का पुष्प दीप आरती व शंख बजाकर स्वागत



**कांसाबेल।** ग्राम पंचायत चिडौरा में श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा अक्षत कलश का पुष्प दीप आरती शंख घंट बजाकर एवं भ्रमण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांसाबेल प्रखंड के अध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता ने ग्राम पंचायत चिडौरा लमडाड़ पोंगरो में जाकर ग्राम वासियों को अक्षत निमंत्रण पत्रक व श्रीराम मंदिर अयोध्या छाया चित्र भेंट कर 22 जनवरी को होने जा रही श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होने का न्योता दिया गया। विवेक और सुभाष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि सभी ग्रामवासी अयोध्या तो नहीं जा सकते कम से कम अपने घरों एवं मंदिर में आम का तोरण राम का झंडा झालर एवं दीपक जलाकर भजन कीर्तन सुंदरकांड श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाएं इस अवसर विश्व हिंदू परिषद के सुभाष अग्रवाल फूल सिंह यादव राजेश गुप्ता भंवर पारिक सूर्य नारायण सिदार सरपंच चिडौरा दशरथ चौहान सतनारायण चक्रेश पीतांबर सिदार चिडौरा सुरेश चौहान सत्यनारायण पोंगरो आलोक सारथी विद्याधर साय लमडाड ग्राम वासी, एवम गांव के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने निर्देश जारी

**जशपुरनगर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर द्वारा दिए गये निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के निर्देश दिये गये है। इसके परिपालन में उप जिला निर्वाचन अधिकारीने सभी विभाग प्रमुखों को कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने निर्देशित किया है। अधिकारी-कर्मचारी फॉर्म 6 में नये मतदाताओं के लिए या फॉर्म 8 स्थानान्तरण के लिये प्ले स्टोर में वोटर हेल्प लाईन या Https://Voters.eci.govt.in में मोबाईल नम्बर रजिस्टर कर लॉगिन कर फार्म भर सकते है तथा मतदाता सूची में अपना नाम भी सर्च कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये टोल फ्री नम्बर 1950 पर कॉल कर सकते है या अपने संबंधित तहसील कार्यालय में फॉर्म भर कर जमा कर सकते है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का पारंपरिक नृत्य व गीत से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पोड़ीपटकोना सहित अन्य ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अब जन-जन तक हैं। जिले के सभी विकासखंड में शिविर आयोजन का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन 10 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित की जा रही है। जिसमें हर वर्ग के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पोड़ीपटकोना सहित अन्य विकासखंडों के ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। जहां आयोजित शिविरों में वैन के माध्यम से लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही



शिविर आयोजन कर लोगों को जागरूक करते।

विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा भी अपने अनुभव साझा किए जा रहे हैं। शिविर के माध्यम से हजारों हितग्राही को लाभान्वित किया गया हैं। जिसमें प्रमुख रुप से आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, चिरायु योजना, सुकन्या योजना सहित अन्य योजना शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत डुडुगजोर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्थानीय निवासी बालचंद चौहान ने बताया कि उन्हें पीएम आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए राशि मिली, जिसके बाद अब उनके पक्के मकान का सपना पूरा हो गया है। परिवार में सब खुशी-खुशी रह रहे है। पहले कच्ची मकान था जिसके चलते पानी-बरसात में बहुत परेशानी होती थी। घर में भी पानी भर जाता था और बार-बार मरम्मत के लिए पैसे भी लगते थे। लेकिन अब पक्के मकान बनने से सब लोग अच्छे से है। मेरे आसपास में भी अब सबके पक्के मकान हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद, आभार। ग्राम बरकसपाली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में श्रीमती इंदु ने बताया कि उन्हें स्तन कैंसर हुआ था, जब उन्हें चिकित्सकीय जांच के दौरान पता चली तो बह घबरा गई थी। क्योकिं परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी। उनके लिए इलाज के लिए रुपये जुटाना मुश्किल था। लेकिन जब उन्हें पता चला कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बने आयुष्मान कार्ड से इलाज संभव है वो भी मुफ्त में तो उन्होंने राहत की सांस ली। श्रीमती इंदु ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से उनका स्तन कैंसर का इलाज पहले रायगढ़ में और उसके पश्चात रायपुर के अस्पाल में मुफ्त में कराया।

# प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान से लोग हो रहे जागरुक

- विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में लोगो को कर रहे जागरूक, दे रहे योजनाओं की जानकारी

**जशपुरनगर।** पीएम जनमन के तहत शिविर और विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत लाभान्वित करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप गई है। साथ ही प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना (पीएम जनमन) के सफल क्रियान्वयन के लिए पहाड़ी कोरवा समुदाय के रोजगार प्राप्त युवाओं एवं समाज के सक्रिय लोगों का जनमन संगी रूप संगठन बनाया है।

जनमन संगी अपने समुदाय के लोगों का विकास के लिए आवश्यक कार्य करेगें। इनके द्वारा पहाड़ी कोरवा समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रमुख कार्य किया जाएगा। समाज के लोगों को जागरूक करने बगीचा विकासखंड के विभिन्न विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटो में लोगो को जागरूक कर रहे है। शिविर में योगदान दे रहे हैं और अपने समाज के उत्थान के लिए अपने ही समाज के लोगों को जनमन संगी के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरुक कर प्रेरित कर रहे हैं। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा,बिरहोर समुदाय के नौकरी प्राप्त एवं समाज सक्रिय लोगों का जनमन संगी समूह बनाया है ।ये जनमन संगी समाज के लोगों को जागरूक कर शासन की योजनाओं का लाभ लाने हेतु प्रोत्साहित एवं प्रेरित करेंगे।



## मधुमक्खियों के हमले से महिला समेत दो की मौत

**अम्बिकापुर।** मधुमक्खियों के अलग अलग हमले की घटना में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। ग्रामीणों को उपचार के लिए गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि लखनपुर अंतर्गत ग्राम बेलदगी धुईभवना निवासी 65 वर्षीय रामहित सिंह पैकरा आ. स्व. जगत राम पैकरा 5 जनवरी को मनखाडिहारी जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान वृद्ध पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। इसके साथ ही दूसरी घटना घटना मणिपुर थाना अंतर्गत रामपुर की है।

# चौक-चौराहों पर शिविर, समस्या से अवगत हो रहे अधिकारी

- पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने गांव-गांव पहुंच रहे अधिकारी-कर्मचारी

**जशपुरनगर।** पीएम जनमन योजना के तहत शिविर आयोजन लगातार जारी हैं। पहाड़ी कोरवा, बिरहोर बस्ती में शिविर आयोजित कर इन समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार को ग्राम पंचायत कुटमा, ग्राम पंडरीपानी, गुरम्हाकोना और ग्राम सुतरी आयोजित शिविर में जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही मौके पर ही कई हाड़ी कोरवा बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। वही बिरहोर बाहुल्य ग्राम पंचायत बेहराखार में बिजली व्यवस्था की गई। शिविर में आयुष्मान, आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र भी बनाया गया। इसके आलावा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सिकलसेल, एनसीडी जांच की भी



सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसी तरह सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में भी सिकलसेल,एनसीडी जांच किया गया। साथ ही शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। पहाड़ी कोरवा, बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच पहुंच कर अधिकारी-कर्मचारियों ने उनसे जानकारी ले रहे। साथ ही उन्हें जनमन योजना की जानकारी दी जा रही हैं। शिविर में अधिकारी द्वारा आमजनों को केंद्र शासन की योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरुक एवं लाभ लेने प्रेरित किया गया। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

## कलेक्टर ने ली आरआई व पटवारियों की ऑनलाइन बैठक

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने राजस्व प्रकरण समय में निराकरण करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों आरआई व पटवारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर राजस्व संबंधित प्रकरण समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पटवारियों को मुख्यालय में रहकर समय पर कार्यालय खोलने निर्देशित किए हैं।

इसी कड़ी में दुलदुला तहसील में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन मीटिंग ली गई, बैठक में निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें प्रतिदिन 20 नक्शा बाटांकन करने एवं शत प्रतिशत डिजिटल सिग्नेचर का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में समय सीमा के बाहर के प्रकरणों का समय सीमा में प्रस्तुत करने कहा गया है। साथ ही सभी को 10 बजे मुख्यालय में उपस्थित रहकर कार्यालय खोलने निर्देश दिए गए। जन शिकायत को गंभीरता से सुनने एवं व्यवहार कुशल होने कहा गया है। पटवारी की हल्का विभाजन युक्ति युक्त करने के लिए सुझाव मांगा गया। इसी तरह बगीचा, फरसाबहार, कुनकुरी, पत्थलगांव, कासाबेल में भी आरआई, पटवारियों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन बैठक ली गई। बैठक में नक्शा बाटांकन सहित अभिलेख शुद्धता एवं प्रतिदिन का लक्ष्य पूर्ण करने निर्देश दिए गए। तथा मुख्यालय में रहने एवं कार्यालय सही समय पर खोलकर कार्यालय में रहने कहा गया है।

## पीएम जनमन योजना का हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाएं अधिकारी



कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर समुदाय के हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत लाभान्वित करने अधिकारियों की बैठक अपने सभाकक्ष में ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बिजली एवं क्रेडा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएमजेएसवाई, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य विभाग, प्रौद्योगिकी विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों एवं दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की निर्देश दिए तथा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर समुदाय के लोगों को पीएम जनमन योजना का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक अकाउंट, पोषण और मातृ वंदना योजना, स्वास्थ्य संबंधी जांच, केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, वन अधिकार पट्टा,पीएम उज्जवला योजना सहित अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों का प्राथमिकता से सर्वे कर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीव्हीटीजी बसाहटो में मूलभूत कार्यो आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थय, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं मुहैया कराना है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं का भी लाभ पहुंचाया जाएगा। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ पाए।

# मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सहायिका संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जशपुरनगर।** आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर अपनी पांच सूत्रीय मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। ज्ञापन सौंपने पहुंची साहिकाओं ने बताया कि इन मांगों लेकर वे छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी सहायिका संघ के बैनर तले लंबे समय से संघर्ष कर रही हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान भी उन्होनें, इन मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था, लेकिन, यह पूरी नहीं हो सकी। सहायिका संघ की मांगों में न्यूनतम मासिक मानदेय में 80 प्रतिशत की वृद्धि, सहायिकाओं को शत प्रतिशत पदों पर पदोन्नत किये जाने, सेवानिवृत्ति के बाद एक मुश्त 5 लाख की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान, सेवानिवृत्ति के पश्चात 5 हजार का मासिक पेंशन, और सेवारत सहायिकाओं की मृत्यु पर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने का मांग शामिल है।


8- Jan Coriya bhoomi pg 2_Layout 1 1/8/2024 8:22 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बेहद खुबसूरत अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन नहीं रही, फैंस हुए उदास



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था। कैडीशैक के अलावा सिंडी मॉर्गन ट्रॉन और फाल्कन क्रेस्ट जैसी फिल्मों में अपनी भूमिका के लिए भी जानी जाती थीं। सिंडी मॉर्गन 80 और 90 के दशक की शुरुआत में कई टीवी श्रृंखलाओं में भी नजर आईं, जिनमें 'ब्रिंग', 'एम बैक अलाइव', 'हवाईयन हीट', 'मास्करेड', 'द फॉल गाइ', 'टफ कुकीज', 'बेवर्ली हिल्स बंट्ज', 'फाल्कन क्रेस्ट', 'मैटलॉक', 'मैनकुसो', 'एफबीआई', 'हंटर' और 'द लैरी सैंडर्स शो' शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 1985 में आई 'द मिडनाइट' ऑवर', 'सोलोमन यूनिवर्स', 1995 की 'डेड वीकेंड', 'अमांडा एंड द एलियन' और 'आउट' जैसी टीवी फिल्मों में भी काम किया। 'कैडीशैक' और 'ट्रॉन' के साथ मॉर्गन के फिल्म क्रेडिट में 1979 की 'अप योर्स', 1995 की 'गैलेक्सिस' और 2006 की 'ओपन माइकर्स' शामिल हैं। उन्होंने आखिरी बार 2022 में आई इंडी फिल्म 'फेस ऑफ द ट्रिनिटी' में मेसन की मां को आवाज दी। अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में 'कैडीशैक' के लिए ऑडिशन के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था, 'कैडीशैक मेरी पहली फिल्म थी और मैं कहूंगी कि अंतिम प्रोडक्ट बिल्कुल अलग था। यह मूल रूप से कैडीज के बारे में था, इसलिए पहले मेरे पास करने के लिए कुछ भी नहीं था। पहले मैं ऑडिशन में हार गई। यह मजेदार था।'

### टॉलीवुड

## मुश्किलों में आई विग्नेश शिवन की फिल्म, नाम को लेकर आपत्ति



**चेन्नई।** फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन की फिल्म एलआईसी (लव इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) को कथित तौर पर इसके शीर्षक उपयोग को लेकर बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम से नोटिस मिला है। हाल ही में एक रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार नोटिस में कहा गया है कि बीमा कंपनी नहीं चाहती कि फिल्म की टीम इसके शीर्षक के साथ आगे बढ़े। बताया जा रहा है कि नोटिस में यह भी कहा गया है कि अगर मेकर्स अगले सात दिनों के भीतर फिल्म का नाम नहीं बदलते हैं तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल विग्नेश और टीम ने अभी तक इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। लव इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन में अभिनेता और फिल्म निर्माता प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में एसजे सूर्या भी महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगे। इसकी घोषणा पिछले साल दिसंबर में की गई थी। विग्नेश ने मुहर्त की तस्वीरें साझा की थीं। साथ ही, कैप्शन में उन्होंने भगवान और पूरे ब्रह्मांड को धन्यवाद दिया था। एलआईसी में विगेश शिवन, प्रदीप और कृति एक साथ पहली बार काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण सेवन स्क्रीन स्टूडियो और राउडी पिक्चर्स की ओर से किया जा रहा है। फिल्म का संगीत लोकप्रिय संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया जा रहा है, जो पहले भी कई बार शिवन के साथ काम कर चुके हैं। वहीं, इसके छायांकन की जिम्मेदारी रवि वर्मन के पास है।

### छॉलीवुड

## 'हण्डा' में दिखेगा अमलेश का अभिनय, लेखन और निर्देशन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मशहूर यूट्यूबर अमलेश नागेश इन दिनों लगातार सुर्ख्रियों में है। हाल ही में उनकी फिल्म 'गुईयां' ने दर्शकों के बीच पैठ बनाई। अब नए साल में अमलेश नागेश का 'भैरा कका' के अवतार में 'हण्डा' का पोस्टर धूम मचा रहा है। एन माही फिल्म प्रोडक्शन के बैनर में बन रही 'हण्डा' में अमलेश नागेश न सिर्फ खास भूमिका में दिखेंगे बल्कि उन्होंने इस फिल्म में लेखन और निर्देशन की जिम्मेदारी भी निभाई है। नए साल पर निर्माता मोहित कुमार साहू ने सोशल मीडिया में भैरा कका 'हण्डा' का पोस्टर साझा करते हुए यह खुलासा किया है। छत्तीसगढ़िया सिनेमा के शो मैन सतीश जैन की ले सुरू होगे मया के कहानी में बतौर नायक काम कर चुके अमलेश नागेश अब उनकी अगली फिल्म मोर छइंहा भुंइया-2 में भी नजर आएंगे। यह फिल्म मई में रिलीज होने की संभावना है। इधर ऐसी जानकारी मिली है कि 'हण्डा' को इस साल के अंत तक रिलीज होगी।




पेरिस का जादू

पेरिस हाउते कॉउचर की खुमारी अभी उतरी नहीं है। यहां फैंस को दो विरोधी सीमाओं के बीच अदभुत संतुलन देखने मिला। एक विशाल चमकदार उत्सव में हार्मोनिक ओवरटोन के साथ खास डिजाइन फैंस को देखने मिले। डिजाइनर शिआपरेल्ली ने यहां अपने कुछ सबसे सनसनीखेज कलेक्शन का प्रदर्शन किया। सबसे ज्यादा इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाली काइली जेनर ने भी इवेंट में इनमें से एक परिधान पहना था। शो के समापन पर रॉबर्ट वुन की गॉथिक हाउते कॉउचर की शुरुआत ने समां बांध दिया।

## घर में रखी चीज़ों से साफ करें पैरों का कालापन

पैरों के कालेपन का असर हमारी पर्सनेलिटी पर पड़ता है इसलिए इसे रिमूव करना जरूरी है। अक्सर बदलते मौसम और तेज धूप की वजह से पैरों में टैनिंग होने लगती है, जिसकी वजह से पैर अजीब से नजर आते हैं। इन्हें दूर करने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके से इनका ख्याल रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि तभी आप कालेपन को दूर कर पाएंगी और पैरों की रंगत बरकरार रख पाएगी। इसके लिए आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीके को जरूर ट्राई करना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में चीनी लें। अब इसमें कॉफी मिक्स करें। इसके बाद इसमें इनो डालें। नीबूं के रस को एड करें और इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। अब इसे



पैरों पर अप्लाई करें। फिर हल्के हाथों से रब करें। इससे आपको 15-20 मिनट (मेकअप टिप्स) तक करते रहना है। इसके बाद थोड़ी देर इसे पैरों में लगा रहने दें। फिर पानी से पैरों को साफ कर लें। इस तरीके से आपके पैर साफ नजर आने लगेंगे। आप इस तरीके के हफ्ते में 1 बार जरूर ट्राई कर सकती हैं। कॉफी के इस्तेमाल से आपके पैरों की डेड स्किन साफ हो जाएगी। जिससे उनका (जंवा दिखने के लिए ब्यूटी टिप्स) रंग साफ नजर आएगा। नींबू भी टैनिंग को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## हॉट ऑयल ट्रीटमेंट और डीप कंडीशनिंग में होता है फर्क

जब हेयर ट्रीटमेंट की बात होती है तो हॉट ऑयल ट्रीटमेंट और डीप कंडीशनिंग काफी पॉपुलर है। ये दोनों ही ट्रीटमेंट बालों को नरिश्ड करते हैं और उन्हें गहराई से पोषण देते हैं। जिससे बाल अधिक स्मूथ व सिल्की नजर आते हैं। अमूमन हम उन दोनों को एक ही समझते हैं, लेकिन वास्तव में वे दोनों अलग होते हैं। हॉट ऑयल ट्रीटमेंट आपके बालों को एक नरिशमेंट देता है और रूखेपन को कम करता है। जिसके कारण बालों के टूटने व स्प्लिट एंड्स की समस्या को काफी हद तक मैनेज किया जा सकता है। इतना ही नहीं, हॉट ऑयल ट्रीटमेंट के कारण आपके बाल अधिक मजबूत बनते हैं। डीप कंडीशनिंग बालों की केयर करने का एक आसान तरीका है। यह बालों को गहराई से पोषण देने और उसे मॉइश्चराइज़ करने (हेयर केयर टिप्स) में मदद करता है। अगर आपके बाल रूखे, डैमेज्ड या फिर केमिकल ट्रीटेड है तो आपको डीप कंडीशनिंग का सहारा लेना चाहिए। यह आपको बालों को फिर से मॉइश्चराइज करके हेयर फॉल की समस्या को दूर करता है।



## अब नहीं गिरेगा सिर पर से पल्लू जब आप ट्राई करेंगी ये हैक्स

अगर आपके घर में भी बड़ों से पल्ला किया जाता है तो ये हैक्स आपको ट्राई करना चाहिए। आज भी कई घर ऐसे हें जहां पर बहुएं अपने बड़ों से पल्ला करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पहले से चली आ रही प्रथा जो है। इसे करना जरूरी होता है लेकिन कई बार साड़ी के फेब्रिक ऐसे आते हैं जिसमें सिर पर पल्लू टिकाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही टिप्स को फॉलो करें।

### पल्लू को टिकाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले आपको लंबा पल्ला प्लीट करके लेना है। फिर इसे सिर पर लगाना है। लेकिन इसके लिए आपको आगे की तरफ थोड़ा सा लंबा पल्ला लेना है। इसके बाद इसे फोल्ड करना है और टिकटॉक पिन से सेट करना है। अब उसी पल्ली को पीछे करना है लेकिन फोल्ड करके। इस तरीके से आपका पल्लू आसानी से आपके सिर पर टिक जाएगा। साथ ही आप इसके बाद किसी भी तरह की साड़ी आसानी से पहन पाएगी।

### पल्लू को पिन से करें सेट

अगर आपका पल्लू ज्यादा गिरता है तो इसे आप अपने बन के ऊपर पिन (वर्किंग वूमन के लिए हैक्स) की मदद से सेट कर सकते हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले पल्लू को जुड़े पर रखना है फिर बॉबी पिन की मदद से सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसे सिक्योर करने के लिए और बॉबी पिन लगाएं। इस तरीके से आपका पल्ला सिर पर सेट हो जाएगा और वो गिरेगा भी नहीं।



## डेनिम जैकेट में आपको दिखना है स्टाइलिश, तो फॉलो करें ये टिप्स




बदलते फैशन ट्रेंड को देखते हुए हम अक्सर अपने वॉर्डरोब को अपडेट करते हैं ताकि स्टाइलिश लग सके। लेकिन स्टाइलिश लगना इतना भी आसान नहीं होता है। इसके लिए जरूरी है कि आप सही टिप्स का ध्यान रखें ताकि आप जब भी कुछ वियर करें तो वो पहनने के बाद आपके ऊपर अच्छा लगे। डेनिम जैकेट को भी अलग-अलग तरीके से वियर कर सकती हैं और खूबसूरत दिख सकती हैं।

**साड़ी के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट:** साड़ी के साथ जरूरी नहीं की आप लॉन्ग कोट या फिर कार्डिगन को वियर करें आप इसके साथ डेनिम जैकेट को भी स्टाइल कर सकती हैं। ये स्टाइलिश लगती हैं साथ ही इन्हें पहनने के बाद ठंड भी कम लगती है। बस आपको अपनी पसंद के हिसाब से डेनिम जैकेट खरीदनी है और उसे वियर करना है। आप चाहे तो चुन्नी की तरीके से पल्ले को स्टाइल करके इसे वियर कर सकती हैं वरना पीछे पल्ले के साथ भी इसे स्टाइल कर सकती हैं।

**ड्रेस के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट:** अगर आप किसी पार्टी या फिर कहीं जानें के लिए ड्रेस पहन रहीं हैं और ऊपर कुछ वियर करना चाहती हैं तो डेनिम जैकेट (स्टाइलिंग टिप्स) को स्टाइल कर सकती हैं। स्टाइलिश लुक के लिए भी इसे वियर किया जा सकता है। इसके लिए आप डबल शेड वाली डेनिम जैकेट या फिर पैच वर्क वाली जैकेट ले सकती हैं इससे लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लगता है। मार्केट में आपको ये 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।


**जंपसूट के साथ स्टाइल करें जैकेट:** आजकल अलग-अलग डिजाइन के जंपसूट आपको मिल जाते हैं जिन्हें आप किसी भी पार्टी या फिर डेली वियर में स्टाइल कर (फैशन हैक्स) सकती हैं। ऐसे में आप चाहे तो इसके ऊपर भी डेनिम जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन इसके लिए लॉन्ग जैकेट न खरीदें बल्कि आप शॉर्ट जैकेट खरीदकर इसे वियर करें इससे आप और ज्यादा सुंदर लगेंगी। मार्केट में आपको य 200 से 500 रुपये में मिल जाएगी। इन तरीकों के अलावा आप अन्य तरीके से भी जंपसूट को स्टाइल कर सकती हैं ।इससे आपका लुक सुंदर ही नहीं सबसे अलग नजर आएगा।

## चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को लाइफस्टाइल में कीजिए शामिल

'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।'ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे



एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे।इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं?

ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।


### स्क्रब भी करें इस्तेमाल

स्क्रब एक ऐसा प्रोडक्ट है जो अभी भी ज्यादातर लोगों की ग्रूमिंग में शामिल नहीं हुआ है। जबकि स्क्रब का नियम से इस्तेमाल स्किन को हमेशा जवां रखता है।

कार्नर न्यूज

## चुनौतीपूर्ण करियर है महिलाओं के लिए भी


*आज के समय में कई मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी अलग पहचान बनाई है। अगर आप भी उन्हीं की तरह मेकअप आर्टिस्ट बनने का मन बना रही हैं तो पहले आपको कुछ बातों के बारे में जान लेना चाहिए। मेकअप करना हर लड़की को अच्छा लगता है। लेकिन ऐसे भी कई लोग होते हैं, जिन्हें सिर्फ मेकअप करना ही अच्छा नहीं लगता है, बल्कि वे इसमें अपना करियर भी बनाना चाहते हैं। यकीनन यह एक बेहद ही आकर्षक करियर है, जिसमें आप अपनी क्रिएटिविटी को एक नए अंदाज में पेश कर सकते हैं। लोगों की खूबसूरती को निखारने का काम यकीनन आपको बेहद ही उत्साहित करता है। अमूमन लोग इस प्रोफेशन को बेहद ही आसान समझते हैं।*



## मेकअप आर्टिस्ट करियर चुनने से पहले जरूर जान लें ये बातें

### करनी पड़ती है रिसर्चिंग

एक मेकअप आर्टिस्ट का काम सिर्फ मेकअप करना ही नहीं होता है, बल्कि उसे कई अलग-अलग कंपनियों के प्रोडक्ट्स पर रिसर्च करनी पड़ती है। गलत तरह के प्रोडक्ट्स आपके करियर को बर्बाद कर देंगे। चूंकि, आपका क्लाइंट मेकअप के लिए अच्छा पैसा दे रहा है, इसलिए सुनिश्चित करें कि आप अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल करें। मेकअप की क्वालिटी की पहचान के लिए आपको अलग-अलग ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स को ट्राई करना होता है। इतना ही नहीं, आप प्रोफेशनल्स की मदद से भी यह समझ पाएंगे कि आपको किन प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना है।




### छुट्टियों का दिन तय नहीं

अमूमन लोग सोचते हैं कि मेकअप आर्टिस्ट बनना एक बेहद आराम का काम है। जबकि ऐसा नहीं है। कई बार यह बहुत अधिक थकाऊ हो सकता है। खासतौर से, अगर आप बतौर फ्रीलांसर मेकअप आर्टिस्ट काम कर रहे हैं तो आपको अपने क्लाइंट के समय व जगह के अनुसार अपनी सर्विसेज देनी पड़ती हैं। यहां तक कि इसके लिए आपको कई बार बहुत अधिक ट्रैवल भी करना पड़ता है। आपकी छुट्टी का कोई दिन तय नहीं होता है। इस तरह के चैलेंजेस मेकअप आर्टिस्ट करियर में बेहद आम हैं।

### लगातार सीखने की जरूरत

कई बार लोग यह सोचते हैं कि अगर वे एक बार मेकअप आर्टिस्ट से जुड़ा कोर्स कर लेंगे तो इसके बाद वे एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट बन जाएंगे। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। कोर्स करने के बाद भी आपको लगातार प्रैक्टिस करते रहने की जरूरत होती है। इतना ही नहीं, ब्यूटी इंडस्ट्री डायनामिक है और इसमें लगातार बदलाव होते रहते हैं। इसलिए, मेकअप आर्टिस्ट बन जाने के बाद भी आपको लगातार सीखते रहने की जरूरत होती है। नए प्रोडक्ट्स से लेकर तकनीकों व लेटेस्ट ट्रेन्ड के बारे में आपको जानने की आवश्यकता हमेशा ही पड़ती है।



# हादसे का शिकार होने से बचे नवाजुद्दीन...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही शैलेश कोलानू की 'सैंधव' से तेलुगु में डेब्यू करेंगे। फिल्म में उन्होंने विकास मलिक नाम के एक व्यवसायी की भूमिका निभाई है। अभिनेता ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वे एक घटना का शिकार हो गए थे। उन्होंने कहा, हम श्रीलंका में शूटिंग कर रहे थे और मैं लगभग नाव से गिर गया था एक बड़ी लहर हमारे रास्ते में आई और मुझे लगभग गिरा दिया। मैं नाव से उछल गया। मैं भाग्यशाली था कि मुझे समुद्र की बजाय दोबारा नाव पर ही गिरा। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि यह सब कैमरे में कैद हुआ है।



लाइफ Style

# जाह्नवी

## इमेज को लेकर हुईं कॉन्शस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है।

बॉलीवुड में नई एक्ट्रेसेज की खेप में जाह्नवी कपूर को काफी टैलेंटेड माना जाता है। गुड लक जेरी, मिली और बवाल में उनके काम को क्रिटिक्स और जनता दोनों ने काफी सराहा था। अपनी एक्टिंग परफॉरमेंस के अलावा जाह्नवी ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेजेंस से भी लोगों को खूब इंप्रेस किया है। अब जाह्नवी को लगता है कि उनकी सोशल मीडिया इमेज और ऑनस्क्रीन किरदारों में इस कंट्रास्ट का असर, उनके कम पर गलत तरीके से पड़ता है। एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने कहा है कि उन्हें ये पता ही नहीं था कि एक एक्टर के बारे में परसेप्शन बनाने के लिए सोशल मीडिया कितना खतरनाक हथियार है। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर तस्वीरें या वीडियो शेयर करना हंसी-खेल लगता था और उन्हें नहीं लगता था कि इससे उनके काम पर कोई असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है। जाह्नवी जल्द ही साउथ में डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी अगली फिल्म जूनियर एनटीआर के साथ है, जिसका टाइटल देवरा है। ये फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला




# इंस्टाग्राम में 311 मिलीयन फॉलोअर्स

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन अक्सर अपने लुक्स और कर्वी फिगर को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह फैशन के साथ-साथ अपनी फिटनेस का भी पूरा ध्यान रखती हैं। क्लो खुद को फिट रखने के लिए खूब एक्सरसाइज करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने वर्कआउट करते की अपनी कुछ तस्वीरें भी फैंस के साथ शेयर की हैं। बता दें क्लो कार्दिशियन हॉलीवुड इंडस्ट्री की एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं। वह अपने काम के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है।



# म्यूजिक इंडस्ट्री में वापस नहीं आएंगी ब्रिटनी...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन अफवाहों को खारिज कर दिया है, जहां कहा जा रहा था कि वह एक नए एल्बम पर काम कर रही हैं। पॉप स्टार ने साफ किया कि वह म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी भी वापस नहीं आएंगी। स्पीयर्स ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, वह कहते हैं कि मैं एक नया एलबम बनाने की ओर रुख कर रही हूं, मैं म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी नहीं लौटूंगी। उन्होंने आगे कहा, जब मैं लिखती हूं तो मनोरंजन के लिए लिखती हूं या अन्य लोगों के लिए लिखती हूं। आप में से जिन लोगों ने मेरी किताब पढ़ी है, उनके लिए ऐसा बहुत कुछ है, जो आप मेरे बारे में नहीं जानते, मैंने पिछले दो वर्षों में अन्य लोगों के लिए 20 से अधिक गीत लिखे हैं।



# नयनतारा की फिल्म मुश्किल में फंसी...

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा की फिल्म अन्नपूर्णी को रिलीज हुए एक महीना हो चुका है। लेकिन ये अब भी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म अब कॉन्ट्रोवर्सी का शिकार हो चुकी है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। कहा जा रहा है कि मेकर्स के खिलाफ शिकायत तक दर्ज कराई गई है। एक सोशल मीडिया यूजर ने ट्वीट कर सभी पॉइंट को शेयर किया। उनके मुताबिक फिल्म एंटी हिंदू है। हालांकि इस मामले में मेकर्स की ओर से अभी तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। बता दें अन्नपूर्णी एक तमिल फिल्म है, इसमें नयनतारा लीड रोल में हैं, उनके साथ जय, सत्यराज, कार्तिक कुमार और रेणुका लीड रोल में हैं। फिल्म एक शेफ की कहानी कहती है। एक एक्सीडेंट के बाद अन्नपूर्णी का टेस्ट बिगड़ जाता है।



# मनोज ने नहीं किया 14 साल से डिनर

**मुंबई।** अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज 'किलर सूप' को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया से बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने अपनी फिटनेस और हेल्थ को लेकर कई खुलासे किए। अभिनेता ने खुद अपनी फिटनेस का राज खोलते हुए बताया कि उन्होंने पिछले 14 साल से रात को खाना नहीं खाया है। मनोज का मानना है, भोजन ही हमारा सबसे बड़ा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु भी है। मैंने रात को भोजन करना बंद कर दिया है और दिन में काफी संतुलित भोजन लेता हूं। मेरी फिटनेस में इसका बहुत बड़ा योगदान है। मनोज ने आगे कहा, मैंने अपने दादाजी को हमेशा दुबला-पतला और फिट ही देखा था। मैंने सोचा क्यों न फिट रहने के लिए मैं भी वही करूं, जो दादा जी करते थे। मैंने भी तय किया कि उन्हीं की तरह रात को खाना नहीं खाऊंगा।

## टीवी मसाला



# रुपाली ने किए महाकाल के दर्शन भस्म आरती में हुईं शामिल...

**मुंबई।** टेलीविजन एक्ट्रेस रुपाली गांगुली बिजी शेड्यूल से समय निकालकर भगवान के दर्शन करना नहीं भूलतीं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गजब की फैन फॉलोइंग है। इस बीच रुपाली गांगुली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भस्म आरती में शरीक होते नजर आ रही हैं। रुपाली गांगुली अक्सर महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जाती हैं। वह बाबा भोले की बड़ी भक्त हैं। इस बार भी उन्होंने उज्जैन जाकर महाकाल के दर्शन किए। एक्ट्रेस के दर्शन का वीडियो सामने आया है, जिसमें रुपाली अन्य भक्तों के साथ बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। वह पूरी श्रद्धा के साथ भगवान के दर्शन करती नजर आ रही हैं। नए साल के शुरुआती महीने में रुपाली गांगुली बाबा का आशीर्वाद लेने और उनका धन्यवाद अदा करने पहुंचीं। आरती के बाद एक्ट्रेस ने गर्भ गृह जाकर भगवान का आशीर्वाद लिया। इसके पहले रुपाली गांगुली ने एयरपोर्ट से कुछ फोटोज शेयर कीं। उनके चेहरे पर उज्जैन के महाकाल मंदिर जाने की खुशी साफ झलक रही है। रुपाली ने अपने पति और बेटे के साथ भगवान के दर्शन किए।

## वृशिका ने खरीदा नया घर

**मुंबई।** एक्ट्रेस वृशिका मेहता ने बीते महीने दिसंबर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया से शादी रचाई थी है वहीं अब एक नया वीडियो सामने आया है, जिसे वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस ने अपने नए घर की एक झलक दिखाई है, जिसमें वह पति के साथ रहने वाली हैं। शादी के करीब एक महीने बाद वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नए घर का एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अपने घर में रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "नई शुरुआत"। इस कपल ने अपनी शादी के बाद एक नया अपार्टमेंट खरीदा है और ये दोनों इसमें शिफ्ट भी हो चुके हैं। इसी वीडियो में वृशिका मेहता और सौरभ घेडिया ने अपने नए घर का होम टूर भी करवाया। घर के इंटीरियर की बात करें तो मिनिमलिस्टिक डिजाइन से काफी सुंदर लग रहा है। एक्ट्रेस ने अपना किचन और लिविंग एरिया भी दिखाया।



# 2024 में ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का, वेब सीरीज में डेब्यू करेंगे बड़े सितारे

**मुंबई।** साल 2023 में ओटीटी प्लेटफार्म्स पर कई कलाकारों ने डेब्यू किया। किसी ने ओटीटी फिल्म तो किसी ने वेब सीरीज के जरिए डिजिटल स्पेस में खाता खोला। इनमें करीना कपूर खान, काजोल, शाहिद कपूर, अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर के नाम शामिल हैं। ओटीटी पर सितारों का ये कारवां इस साल भी सफर जारी रखेगा और 2024 में कई कलाकार वेब सीरीज डेब्यू करेंगे। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो फिल्मों के जरिए ओटीटी स्पेस में आ चुके हैं, मगर पहली बार वेब सीरीज कर रहे हैं।




**सिद्धार्थ मल्होत्रा** : इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स ओटीटी स्पेस में नया धमाका करने वाली है। प्राइम वीडियो पर 19 जनवरी से स्ट्रीम हो रही है। निर्देशक रोहित शेट्टी इस सीरीज के साथ ओटीटी पारी शुरू कर रहे हैं। सीरीज के लीड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा का यह वेब सीरीज डेब्यू है। हालांकि, ओटीटी स्पेस में उनकी पारी 2021 में आई फिल्म शेरशाह से हो चुकी है, जो प्राइम वीडियो पर ही रिलीज हुई थी।

**वरुण धवन** : वरुण धवन की पहली ओटीटी रिलीज 2020 में आई कुली नंबर वन है, जो प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साल वरुण वेब सीरीज डेब्यू कर सकते हैं। हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा ने लीड रोल निभाया था। वरुण इसके इंडियन चैप्टर सिटाडेल इंडिया में लीड रोल में हैं। उनके साथ सामंथा रूथ प्रभु भी हैं। सीरीज का निर्देशन राज निदिमोरु और कृष्णा डीके कर रहे हैं।

***अनन्या पांडेय** : ओटीटी पर अनन्या पांडेय का करियर 2020 में आई फिल्म काली पीली से हो गया था, जो जीप्लेक्स पर रिलीज हुई थी। ईशान खट्टर ने इसमें मेल लीड रोल निभाया था। इसके बाद गहराइयां और खो गये हम कहां ओटीटी पर चुकी हैं। मगर, इस साल अनन्या का बेव सीरीज डेब्यू भी हो सकता है।*

***प्राइम वीडियो की सीरीज कॉल मी बे में** : अनन्या लीड रोल निभा रही हैं। इस सीरीज का एलान पिछले साल मार्च में हुआ था। अनन्या शो में एक अरबपति फैशन आइकॉन का किरदार निभा रही हैं।*

***उर्मिला मातोंडकर** : सत्या और रंगीला जैसी कई हिट फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ने वाली उर्मिला अब ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। तिवारी नाम की वेब सीरीज में उर्मिला एक्शन करती दिखेंगी। यह स्मॉल सिटी में रहने वाली एक मां-बेटी की कहानी है। इसे सौरभ वर्मा ने डायरेक्ट किया है।*

***वाणी कपूर** : यशराज फिल्म्स से अपने करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस वाणी कपूर अब क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। इस सीरीज का नाम मंडला मर्डर्स है, जिसे गोपी पुथरन ने डायरेक्ट किया है।*

# एनिमल की सक्सेस पार्टी में तमन्ना ने लूटी लाइमलाइट

**मुंबई।** एनिमल की सक्सेस पार्टी में फिल्म की कास्ट के साथ-साथ बॉलीवुड के कई सेलेब्स भी नजर आए।



पार्टी का हिस्सा एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया भी बनी। पार्टी में तमन्ना ने पूरी लाइमलाइट लूटी ली। इस मौके पर अदाकारा ब्लैक एंड व्हाइट कलर की स्टाइलिश ड्रेस में नजर आईं। पार्टी के लिए तमन्ना ने डीप नेक वाली टाइट ड्रेस को चुना था, जिसमें वो काफी जंच रही थीं। इस लुक के साथ एक्ट्रेस ने छोटा-सा मोतियों से बना बैग कैरी किया था।

तमन्ना इन दिनों अपनी लव-लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। पिछले काफी समय से एक्ट्रेस विजय वर्मा को डेट कर रही हैं।


# डॉक्टर बनना चाहती थीं 12वीं फेल की एक्ट्रेस ...



**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल इन दिनों चर्चा में हैं, फिल्म में विक्रांत मैसी ने आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा का रोल प्ले किया है और मेधा शंकर ने आईआरएस श्रद्धा जोशी का रोल प्ले किया है। मेधा शंकर की सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया है। अब मेधा शंकर नेशनल क्रश बन गई हैं। मेधा शंकर नोएडा में रहती हैं और एक महाराष्ट्रीयन परिवार से हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेधा शंकर के पैशन की अगर बात करें तो वो असल जिंदगी में डॉक्टर बनना चाहती थीं और बहुत ही शांत स्वभाव की थीं, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें ग्लैमर और एंटरटेनमेंट की दुनिया पंसद आने लगी। इसके बाद उन्होंने कई विज्ञापनों में काम करना शुरू किया। बता दें, मेधा ने 2015 में आई शॉर्ट फिल्म 'विथ यू फोर यू ऑलवेज' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था।

# थंडेल का टीजर आउट, नागा चैतन्य का दिखा दमदार किरदार

**मुंबई।** नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ था। वहीं अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया।



## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ कलेक्टर का खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान ने धान खरीदी केन्द्र भटगांव का निरीक्षण किया। श्री चौहान ने धान खरीद चुके भंडारित धान को छूकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर मीडिया कर्मी के द्वारा किसानों को हो रही समस्या को अवगत कराया गया, कलेक्टर श्री चौहान ने स्थल पर ही निराकरण के लिए अधिकारियो को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी एस के साहू, उप प्रबंधक जे पी सिंह, डीपीएम मनोज यादव, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, तहसीलदार कमलेश सिदार उपस्थित थे।

### त्वरित लाभ दिलाना ही संकल्प यात्रा का उद्देश्य

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान रविवार को बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम सुतीउरकुली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री चौहान ने विकसित भारत संकल्प यात्रा संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि समय पर लाभ दिलाना मेरा और विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में, सरकार के योजनाओं में और राजस्व आपदा के तहत मेरे जिले में कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारी के साथ मिलकर जनता भी काम करें, तो मैं विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे में आरबीसी अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से आकस्मिक मृत्यु जैसे प्रकरण में 4 लाख का सहयोग राशि दिलाऊंगा। इस अवसर पर अतिथि सुभाष जालान ने कहा कि इस यात्रा में शिविर में सरकार की योजनाओं का गांव गांव में लाभ दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री चौहान ने सभी विभागो के स्टाल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री चौहान ने खेत में कृषि विभाग द्वारा ड्रोन प्रदर्शन का अवलोकन किया। महिलाओं और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती कहे पुकार के से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया।

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए कलेक्टर

**सारंगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान शनिवार की संध्या को अशोका पब्लिक स्कूल सारंगढ़ के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री चौहान ने कहा कि बच्चे अच्छे से पढ़कर माता पिता जिला राज्य और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत सहित स्कूल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तमनार में श्रीराम चरण पादुका का भव्य स्वागत

**तमनार।** 15 दिसंबर से श्रीलंका से अयोध्या के लिए चली राम राज्य युवा यात्रा 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। यह यात्रा राम वन गमन पथ होते हुए अनुसार आज अपरान्ह 2 बजे तमनार पहुंची। समस्त तमनार वासियों को गायत्री मंदिर परिसर में श्री राम चरण पादुका एवम सीताराम चरण पादुका के दर्शन का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर विहिप के अध्यक्ष सुखदेव पटनायक एवं गीतांजलि पटनायक, हरेराम सिदार, उपाध्यक्ष, जयराम सिदार सचिव, नीलांबर पटनायक विजय बहिदार, मीर पटनायक दिनेश पटनायक, अजय दास, रूपचंद गुप्ता, कमल लोचन बेहरा, संजय बेहरा गायत्री बेहरा, श्याम उरांव, पुष्पा सहित सदस्य मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष

### धान के अवैध ...

जशपुर विकासखण्ड के लोदाम में खाद्य निरीक्षक अजय प्रधान द्वारा अवैध धान परिवहन करते हुए 4 गाड़ियों से कुल 88 क्विंटल धान जप्त किया गया है। इन गाड़ियों में गुमला, लोहरदगा झारखण्ड से जशपुर लाते हुए धान जप्त कर लोदाम पुलिस चौकी की सुपोर्दगी में दिया गया। इनमें पिकप क्रमांक जेएच 01 बीएस 0297 में चालक शाबिर शाह से 21 क्विंटल धान, लोहरदगा झारखण्ड से जशपुर लाते हुए पिकप क्रमांक जेएच 01 एफजी 9758 में चालक जितेन्द्र यादव से 23 क्विंटल धान, पिकप क्रमांक जेएच 01 एफई 5221 में चालक दयाशंकर यादव से 22 क्विंटल धान एवं पिकप क्रमांक जेएच 01 ईएस 8728 में चालक अर्जून यादव से 22 क्विंटल धान जप्ती की कार्यवाही की गई है।

## केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड सामुदायिक भवन एवं गोरखा में शिविर का आयोजन

# शिविर में 5 हजार लोगों ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते सप्ताह दो पालियों में नगर में संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। पहली पाली में केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड सामुदायिक भवन एवं दूसरे पाली में गोरखा स्कूल में विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन हुआ। दोनों ही शिविर में 2000 से ज्यादा लोगों ने सेल्फी ली और 4500 से ज्यादा लोगों ने विकसित भारत बनाने योगदान करने का संकल्प लिया। कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड सामुदायिक भवन में सुबह 9 बजे से शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में विकसित भारत वैन स्थापित किया गया था। इसमें आने वाले कुछ सालों में जो योजना लागू हुई है और जिसमें सफलता मिली है उसे एल ई डी के माध्यम से बताया जा रहा था।


शिविर में हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

कैंप में निगम के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण, टीवी स्क्रीनिंग बीपी शुगर की जांच कैंप सहित निगम से संबंधित पीएम मोर जमीन मोर मकान, मोर मकान आस, राशन कार्ड बनाने, आधार कार्ड सुधरवाने, डे एनयूएलएम महिला स्व सहायता समूह को जोड़ने एवं निगम से संबंधित पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के स्टाल लगाए गए थे। इसी तरह निगम क्षेत्र अंतर्गत बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, सफाई से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। सभी स्थलों में शिविर शुरू होने के साथ ही लोगों की भीड़ लग गई थी। दोनों ही कैंप में पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्व निधि योजना पीएम मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, उज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के स्टालों में ज्यादातर लोगों की भीड़ कैंप समाप्त होने तक लगी रही। कैंप में लोगों ने पूछ परख की और विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। इसी तरह जिन हितग्राहियों के पास जैसे आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं थे, फॉर्म देकर निगम में जमा करने की बात कही गई। केवड़ा बाड़ी के शिविर में 2200 से ज्यादा लोगों ने पहुंच कर विभिन्न योजनाओं के फार्म लिए। इसी तरह गोरखा के कैंप में चौक स्थित कैंप में विभिन्न योजनाओं के 2400 लोगों ने फॉर्म लिया और दस्तावेज होने पर तत्काल जमा भी किया। इसी दोनों ही शिविर में 900 से ज्यादा लोगों ने फार्म लिए और दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी और उपस्थित जनसमूह ने विकसित भारत बनाने योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती जानकी काटजू, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम दिवेश सोलंकी, पंकज कंकरवाल, सुरेन्द्र पांडे उपस्थित थे।

# अब रायगढ़ पीडब्ल्यूडी करेगा पत्थलगांव की सड़क का काम


हो रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जशपुर में वर्षों से मुख्य सड़कों की बदहाली दूर करने की योजना तैयार करने के दौरान लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का बड़ा नमूना सामने आया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पत्थलगांव में लोक निर्माण विभाग का सम्भागीय मुख्यालय होने के बाद भी यहां पर मुख्य सड़क का निर्माण और संधारण के काम को रायगढ़ जिले को सौंप दिया गया था। मगर इसकी आड़ में बड़ा आर्थिक गोलमाल को अंजाम दिया जा रहा था। अब यह मामला सामने आने के बाद पत्थलगांव लोक निर्माण संभाग का पूरा अमला लिपापोती में जुट गया है।

दरअसल यहां लोक निर्माण विभाग का संभागीय मुख्यालय होने के बाद भी पत्थलगांव की सड़क निर्माण की जिम्मेदारी रायगढ़ जिले के पास दे दी गई थी। इसी वजह वर्षों से यहां मुख्य सड़क की बदहाली दूर नहीं हो रही थी। अब लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की ओर से वर्षों से चल रही इस बड़ी लापरवाही को दूर करने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है किए जशपुर जिले के पत्थलगांव धर्मजयगढ़ मुख्य सड़क का नया निर्माण और संधारण की जिम्मेदारी वर्षों से रायगढ़ जिले के पास ही है लेकिन रायगढ़ जिले के अधिकारियों को पत्थलगांव क्षेत्र की सड़क से कोई लेना देना नहीं रहता। इसी कारण पत्थलगांव शहर में रायगढ़ मार्ग की मुख्य सड़क लम्बे समय से बदहाल पड़ी है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में सड़कों का कायाकल्प के दौरान पत्थलगांव की धूल भरी जर्जर सड़क का भी सुधार होने की तैयारी शुरू हो गई है।

# निर्माणाधीन मकान में जुआ खेलते कांग्रेस पार्षद समेत 10 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सुश्री होटल के पीछे स्थित एक निर्माणाधीन मकान में वार्ड पार्षद सहित 10 जुआरियों को साइबर सेल व जूटमिल पुलिस ने जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए जुआरियों के पास से 1 लाख 80 हजार 570 और 10 मोबाइल जब्त किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुश्री होटल के पीछे स्थित एक निर्माणाधीन मकान में कुछ लोग जुआ सट्टे पर लाखों रूपए के दांव लगा रहे हैं। मुखबिर की सूचना मिलते ही साइबर सेल व जूटमिल पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की। मौके पर पहुंच कर घेराबंदी करते हुए साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी के नेतृत्व में धरपकड़ की गई। मौके पर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा गया। पकडे गए आरोपियों के पास से 1 लाख 80 हजार 570 रूपए, 10 मोबाइल, एक प्लास्टिक बोरी की जब्त की गई। इस जुआ फड़ में संलिप्त आरोपी रविंद्र अरोड़ा पिता जगदीश अरोड़ा उम्र 42 वर्ष निवासी सोनार पारा, रौनक अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल उम्र 32 वर्ष निवासी कालिंदी कुंज, मोहम्मद शहजादा पिता मोहम्मद खादीम उम्र 35 वर्ष निवासी राजापारा, अजहरुद्दीन अली पिता मोहम्मद हामिद उम्र 26 वर्ष निवासी मौधापारा, विनय अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल उम्र 48 वर्ष निवासी सांगीतराई, प्रशांत मिश्रा पिता सुखदेव मिश्र उम्र 22 वर्ष निवासी गोपालपुर, मोहम्मद अंसारी पिता मोहम्मद मुख्तार उम्र 51 वर्ष निवासी चांदमारी, राजेश अग्रवाल पिता बद्री प्रसाद अग्रवाल उम्र 50 वर्ष निवासी एमजी रोड, रत्थू प्रसाद जायसवाल पिता खगेश्वर प्रसाद उम्र 45 वर्ष निवासी कबीर चौक, तथा दयाराम अग्रवाल पिता रामकुमार अग्रवाल उम्र 65 वर्ष निवासी सेवा कुंज शामिल हैं। आरोपियों के विरूद्ध थाना जूटमिल में धारा 5 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। जुआ रेड कार्यवाही में प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी, थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव के साथ साइबर सेल तथा जूटमिल पुलिस की भूमिका रही।

**पुलिस कार्रवाई में 1.80 लाख जब्त**



#### जुआ व अवैध शराब का अड्डा बना जूटमिल

जूटमिल में एफसीआई गोदाम के समीप तथा कुछ नजूल व शासकीय प्लाटों पर कब्जा कर मकान बनाए गए हैं, जिनका उपयोग जुआ सट्टे के लिए ही किया जाता है। वहां जुआरियों द्वारा हजारो लाखों रूपए का दांव लगाने के साथ ही सट्टा पट्टी भी लिखी जाती है। अहम बात यह है कि इन अवैध मकानों को इसी कार्य के लिए ही बनाया गया है।

#### राजनीतिक दबाव में नहीं की कार्रवाई

काफी लंबे समय से जूटमिल क्षेत्र में जुआ सट्टा का अवैध कारोबार चल रहा है। पिछली शासन के दौरान राजनीतिक दबाव में पुलिस कार्रवाई करने से बचती नजर आई। किंतु अब सत्ता बदलने के बाद पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। पार्षद रत्थू जायसवाल की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट होता है कि शहर के भीतर इस काले कारोबार में कई सफेद पोश लोगों की संलिप्तता हो सकती है।

# मंत्री ओपी ने बढ़ते सड़क हादसों पर जताई चिंता

**ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील**

## शहर में हुई दुर्घटना में आधा दर्जन की मौत पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ के दो अलग अलग स्थानों में हुए दो सड़क दुर्घटनाओं में एक पांच वर्षीय बच्ची समेत चार लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि रायगढ़ के मिड़मिड़ा मेनरोड़ पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक पांच वर्ष की मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि रायगढ़ के चक्रधर नगर में एक इलेक्ट्रानिक आटो रिक्शा के पटलने से उसमें बैठे एक यात्री की मौत हो गयी। दुख की इस घड़ी में श्री चौधरी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है तथा सम्पूर्ण परिवार को इस असहनीय दुरूख को सहन करने की परम पिता पमात्मा से प्रार्थना की है।

श्री चौधरी ने रायगढ़ एवं प्रदेश की जनता से ट्रैफिक नियमों के पालन करने की भी अपील की है ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगायी जा सके। उन्होंने बाइक पर तीन सवारी न बिठानेए रॉन्ग साइड न चलने और तेज रफ्तार गाड़ी न चलाने के साथ ही अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की लोगों से अपील की है।

## अटल नगर विकास प्राधिकरण की ली बैठक

वित्त आवास एवम पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने आज नवा रायपुर स्थित अटल नगर विकास प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों की मैराथन बैठक ली और विभागीय अधिकारियों से प्रदेश में वर्तमान संचालित योजनाओं की समीक्षा की। साथ साथ नए विकास कार्यों, सहित प्रस्तावित एवं विभिन्न प्रोजेक्ट, उनसे जुड़े बजट सहित नवीन योजनाओ के बेहतर एवम प्रभावी क्रियान्वन के संबंध में विभागीय अधिकारियों से विस्तार में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि मंत्री पद संभालते ही ओपी चौधरी ने तत्काल ताबड़ तोड़ बैठके ले रहे है ताकि प्रदेश की जनता ने विकास को लेकर भाजपा पर जो भरोसा जताया है उस पर वे खरा उतर सके। प्रदेश भर की योजनाओ को बनाए जाने में अहम जिम्मेदारी ओपी चौधरी के कंधो पर है साथ साथ उनके लिए आवश्यक धन राशि जुटाना एवम बेहतर तरीके से क्रियान्वन करना ओपी की प्राथनिकताओं में शामिल है। ओपी चौधरी ने कलेक्टर रहते ओपी चौधरी ने जितने भी बड़े विकास कार्य किए सभी कार्य बिना बाधा समय सीमा में ही पूरे किए है।

# महुआ सहित जिले का तेजी से होगा विकास: राय

**जशपुरनगर।** विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद विधायक रायमुनि भगत शनिवार को पहली बार सन्ना तहसील के ग्राम महुआ पहुंची। यहां स्थानीय रहवासियों ने विधायक रायमुनि, पर्यटन विकास मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा,उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह का शानदार स्वागत किया। अतिथियों के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल,मांदर और पारम्परिक नृत्य से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, कृष्णकुमार राय ने कहा कि विपरीत से विपरीत परिस्थिति में भी महुआ के लोगों ने भाजपा का साथ देकर,मनोबल बढ़ाया है। विधानसभा चुनाव का परिणाम के बाद, अब महुआ सहित पूरे जशपुर जिले का तेजी से विकास होगा। जशपुर के माटीपुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विधायक रायमुनि भगत आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले के विकास के लिए प्रशासन के सहयोग से योजना तैयार करने में जुट गई हैं।



उन्होनें कहा कि जशपुर से सन्ना के बीच 9 किलोमीटर अधूरे पड़े सड़क का निर्माण कांग्रेस सरकार 5 साल के कार्यकाल में नहीं करा सकी। लेकिन, भाजपा के सत्ता में आते ही,इसका निर्माण तेजी से शुरू हो गया है। सोनक्यारीवासियों को धूल से मुक्ति मिल चुकी है। विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी में तेजी से अमल करना शुरू कर दिया है। 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति देते हुए, बजट जारी कर दिया गया है।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम : कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक


पुनरीक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते कलेक्टर कार्तिकेय गोयल।

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 की स्थिति में संपन्न होना है। जिसके तहत एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी से किया जाएगा एवं दावा आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 6 से 22 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। 13 एवं 14 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नाम जोडऩे,संशोधन एवं विलोपन का कार्य होगा। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर श्री गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी अंतर्गत 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मतदान केन्द्रों में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र में अविहित अधिकारी कार्यालयीन समय पर मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर श्री गोयल द्वारा यह भी जानकारी दी गयी कि वोटर हेल्पलाइन ऐप अथवा के माध्यम से ऑनलाईन फॉर्म भर सकते हैं। सभी राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराने को कहा ताकि पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल एजेंट से आवश्यक सहयोग लिया जा सके।

## विखं स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रायगढ़।** तीन दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज विकासखण्ड पुसौर के ग्राम तुरंगा में हुआ। सर्वप्रथम खेल की शुरुआत स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि गुरूकुल तुरंगा मठ के आचार्य राकेश स्वामी के द्वारा खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दी गई और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए हम हमेशा आप सभी के सेवा के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में इंसान के साथ तमाम कोशिशों के बाद भी हार जीत लगी रहती है। खेल को हमेशा खेल भावना से ही खेलना चाहिए। इससे किसी और की जीत होने पर मन में बुरे भाव पैदा नहीं होते। रत्थू गुप्ता ने मंच के माध्यम से कहा कि आगामी समय में खेल के लिए इस गांव के मैदान में मंच बनवाया जाएगा। इस दौरान विधायक खरसिया उमेश पटेल ने कहा कि सभी बच्चे खेल भावना से खेल खेलें व आपसी सौहाद्र्र बनाए रखें। इस खेल में विकास खण्ड के कुल दस जोन के बच्चे सहभागिता निभा रहे हैं । आज के खेल में प्राथमिक व माध्यमिक शाला के बालक बालिकाओं का 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ के साथ-साथ रिलेरेस, रस्सी दौड़, चम्मच दौड़, घड़ा दौड़ए सामान्य ज्ञान, पठन कौशल, लेखन कौशल, पाहड़ा आदि सम्पन्न हुए।







